लखनऊ विश्वविद्यालय
University of Lucknow
(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 21 February 2023

NBT PAGE 4

थर्माकोल से सबसे बड़ी विंटेज कार बनाकर बनाया रेकॉर्ड

शिवम को मिला प्रमाण पत्र।

■ एनबीटी, लखनऊ : थर्माकोल से अब तक की सबसे बड़ी विंटेज कार बनाने वाले आर्ट्स कॉलेज के छात्र शिवम सिंह ने सोमवार को इंडिया बुक ऑफ रेकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज किया। मास्टर ऑफ विजुअल आर्ट्स (स्कल्पचर) के छात्र शिवम ने इसी साल जनवरी में इस विंटेज कार को तैयार किया। शिवम ने अपने इस प्रॉजेक्ट के लिए पैसे एकत्र करने के लिए सिटी मॉल में सजावट का काम किया। उन्होंने बुगाटी टाइप 41 विंटेज कार (1927) बनाने के लिए 200 किलो थर्माकोल का इस्तेमाल किया। इस मॉडल की लंबाई 20 फुट और चौड़ाई छह फुट है। शिवम ने बताया कि यह मेरे लिए किसी सपने के सच होने जैसा है। इस अहम मॉडल को बनाने में 30 दिन लगे और 20,000 रुपये की लागत आई। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा ऑटोमोबाइल क्षेत्र के लिए मॉडल बनाना चाहता था, इसलिए मैंने एक बड़ी थर्मोकोल विंटेज कार बनाने का सपना देखा जो दुनिया भर के किसी भी कलाकार ने नहीं किया है।

आर्ट्स कॉलेज के छात्र शिवम का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

एमएससी की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 27 से

लखनऊ। लविवि में एमएससी प्रथम सेमेस्टर मॉलिक्यूलर एंड ह्यूमन जेनेटिक्स की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 27 फरवरी से शुरू होंगी। अंतिम प्रैक्टिकल चार मार्च को होगा। विभाग से जारी पत्र के मुताबिक, 27 फरवरी को बायोकेमिकल एंड एनालिटिकल टेक्निक्स की परीक्षा मॉलिक्यूलर बायोलॉजी एंड साइटोजेनेटिक्स टेक्निक्स की परीक्षा एक मार्च को व जरनल कल्ब, प्रोजेक्ट प्रपोजल, सेमिनार की परीक्षा चार मार्च को होगी। प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक सभी परीक्षाएं सुबह दस बजे से शुरू होंगी। (संवाद)

एलएलबी परीक्षा में धरा गया नकलची

लखनऊ। लविवि और सहयुक्त कॉलेजों में सोमवार से 16 केंद्रों पर एलएलबी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू हुईं। परीक्षा के पहले ही दिन लविवि न्यू कैंपस में नकल करते हुए एक छात्र पकड़ा गया। इस छात्र को प्रॉक्टोरियल टीम ने छपी हुई नकल सामग्री के साथ पकड़ा। दोनों पालियों में 9381 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी जबकि 95 अनुपस्थित रहे। लविवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव के अनुसार, परीक्षा पूरी तरह से शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। (माई सिटी रिपोर्टर)

विद्यार्थियों ने सीखा सीपीआर देना

लखनऊ। लविवि में सोमवार को गणित विभाग व समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आपातकालीन चिकित्सा कार्यशाला का आयोजन किया गया। आपदा प्रबंधन एवं आपातकालीन चिकित्सा विषय पर आयोजित कार्यशाला में सहायक उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा मनोज वर्मा ने विद्यार्थियों को आपातकालीन स्थिति में स्ट्रेचर बनाने की विधियां सिखाईं। नागरिक सुरक्षा विभाग के सुमित मौर्य ने हृदयाघात की स्थिति में सीपीआर देने के लिए प्रशिक्षित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्याम किशोर, डॉ. पीके गुप्ता और विभागाध्यक्ष प्रो. विवेक सहाय मौजूद रहे। (संवाद)

अच्छे साइटेशन पाने वाले शिक्षकों का होगा सम्मान

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ विवि में शोध की गुणवत्ता सुधारने के लिए होगी नई पहल

लखनऊ। शोध में अच्छा प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को लविवि विशेष रूप से सम्मानित करेगा। इसके तहत अच्छे साइटेशन और एच इंडेक्स वाले शिक्षकों का चयन किया जाएगा। नैक की ग्रेड में ए प्लस-प्लस हासिल करने के बाद विवि ने शोध की गुणवत्ता सुधारने के लिए यह कदम उठाया है।

विवि की अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि इस प्रकार के सम्मान समारोह आयोजित करने के लिए गाइडलाइन्स बनाई जा रही हैं। इससे न केवल योग्य शिक्षकों का सम्मान व पहचान होगी बल्कि यह अन्य शिक्षकों और छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत का कार्य भी करेगा। उन्होंने बताया कि आई 10-इंडेक्स गूगल स्कॉलर की ओर से विकसित, किसी शोधार्थी द्वारा प्रकाशित उन लेखों की संख्या बताती है जिन्हें कम से कम 10 उद्धरण प्राप्त हुए हों। एच-इंडेक्स उन प्रकाशित प्रकाशनों की संख्या (उत्पादकता) बताती है जिन्हें कम से कम उतनी बार उद्धृत किया गया हो।

उन्होंने बताया कि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने पिछले तीन वर्षों में शैक्षणिक गुणवत्ता व शोध को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाओं की शुरुआत की है। यह उसकी अगली कड़ी है।

50 साल बाद मिले पुराने दोस्त, यादें हुईं ताजा

लविवि के रसायन विज्ञान विभाग में गोल्डन जुबली एलुमनी मीट का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

लविवि के रसायन विज्ञान विभाग में एलुमिनी मीट के दौरान बोलते कुलपति प्रो. आलोक राय। - संवाद

लखनऊ। लविवि के रसायन विज्ञान विभाग में सोमवार को 50 साल बाद पहुंचे पूर्व छात्र यहां की बदली हुई रंगत देख चहक उठे। इस दौरान वे पुस्तकालय और कक्षाओं में अपनी पुरानी यादें ताजा करते दिखे। मौका था एमएससी रसायन विज्ञान 1973 बैच की गोल्डन जुबली एलुमनी मीट का। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शुभारंभ किया।

पुस्तकालय व कक्षाओं में तलाशीं पुरानी यादें, विवि की बदली रंगत देख हुए खुश

इस अवसर पर पूर्व छात्रों ने पुरानी यादें साझा कीं। विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार मिश्र ने बताया कि जल्द ही विभाग के पूर्व छात्र एसोसिएशन का पंजीकरण सोसायटी में कराया जाएगा। कुलपति ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम छात्रों और शिक्षाविदों के बीच जुड़ाव बढ़ाते हैं जो विश्वविद्यालय में शिक्षा और पाठ्यक्रमों की गुणवत्ता को बढ़ाने में सहायता करेंगे। इस अवसर पर पूर्व छात्रों के बीच ट्रांसलेशन रिसर्च, अवसर और चुनौतियां विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रो. एसएन शुक्ला, प्रो. एसके मिश्र, बीडी यादव, रत्न पांडेय, बीआर पांडेय, अनूप कमार सुधारानी नौटियाल, सनत कुमार, मनोज पांडेय, कुलदीप चतुर्वेदी, डॉ आरके त्रिवेदी, डॉ पद्मकांतडॉ देश दीपक डॉ आरएम नाइक समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

HINDUSTAN PAGE 6

भाग लेना जरूरी है, हार जीत नहीं : रजनी तिवारी

एलयू में अंतर महाविद्यालयीय युवा महोत्सव 2023 के विजेताओं को सोमवार को उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने सम्मानित एवं संबोधित किया।

लखनऊ, संवाददाता। एलयू के मालवीय सभागार में अंतर महाविद्यालयीय युवा महोत्सव 2023 के विजेताओं को सोमवार को पुरस्कृत दिया गया। समापन समारोह में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि हार जीत महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि इन प्रतियोगिताओं में भाग लेना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और सांस्कृतिकी निर्देशिका प्रो. मधुरिमा लाल को बधाई देते हुए कहा कि आपकी प्रेरणा और प्रयास से यह आयोजन सफल हो सका है। इस समारोह में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी व कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय द्वारा लखनऊ, लखीमपुर, हरदोई, रायबरेली और सीतापुर के 82 विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

14237 प्रतिभागियों ने लिया भाग

15 से 20 फरवरी तक चले छह दिवसीय युवा महोत्सव में कुल 14237 प्रतिभागियों ने कुल 21 प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। जिसमें स्टैंड कॉमिडी में केकेसी के आदित्य तिवारी, मोनो एक्ट में डॉ. आशा स्मृति महाविद्यालय देवा रोड के विशाल राज मिश्रा, क्विज में केकेसी के अवनीश कुमार व विशाल दीक्षित, क्रिएटिव राइटिंग में अंजली श्रीवास्तव, मेहंदी में राम, रंगोली में शिया कॉलेज, कोलाज मेकिंग में गरिमा, पोस्टर व स्केच मेकिंग में अभिषेक शर्मा व आदित्य, फेस मेकिंग में शिया की अबीहा सहित अन्य को पुरस्कार दिया गया।

याद किए पुराने किस्से

एलयू के रसायन विज्ञान विभाग में 1973 बैच के छात्रों के लिए सोमवार को गोल्डन जुबली एलुमिनाई मीट का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में पहुंचे छात्र जब कई सालों बाद एक दूसरे से मिले तो गले लगने से खुद को रोक न सके। पूर्व छात्रों ने अपनी पुरानी यादों को याद करते हुए किस्से सुनाए।

एलयू: रिसर्च के लिए आए 20 करोड़

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में देश और विदेश से योग्यता व उपलब्धि अर्जित करने वाले लगभग 81 विद्वानों ने ज्वाइन किया है। इससे विवि में 20 करोड़ रुपए से अधिक के रिसर्च प्रोजेक्ट आए हैं।

अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि विश्वविद्यालय की ओर से जल्द ही अधिक साइटेशन, आई 10 इंडेक्स, एच इंडेक्स वाले शिक्षकों को सम्मानित किए जाने की योजना का प्रस्ताव रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के सम्मान समारोह आयोजित करने के लिए गाइडलाइन्स बनाई जा रही हैं।

i-NEXT PAGE 3

रसायन विभाग में हुई एलुमनाई मीट

एलयू के इस कार्यक्रम में 1973 बैच के पूर्व छात्रों ने किया प्रतिभाग

LUCKNOW(20 Feb) : लखनऊ यूनिवर्सिटी के रसायन विभाग में सोमवार को गोल्डन जुबिली एलुमनाई मीट हुई. इस कार्यक्रम में 1973 बैच के पूर्व छात्रों ने भाग लेकर अपनी यादें ताजा की. कार्यक्रम की शुरुआत एलयू के कुलगीत के साथ हुई. विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल मिश्रा ने कहा कि जल्द ही विभाग के पूर्व छात्र संघ का पंजीकरण सोसायटी में किया जाएगा. उन्होंने विभाग की उपलब्धियों के बारे में भी बताया. इस दौरान प्रो. एसके चौहान ने भी अपनी बात रखी और पूर्व छात्रों का आभार जताया. वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम पूर्व छात्रों व शिक्षाविदों के बीच जुड़ाव को बढ़ाते हैं. यह शिक्षा व पाठ्यक्रम की गुणवत्ता के उत्थान में सहायक होंगे.

अधिक साइटेशन वाले शिक्षकों का होगा सम्मान

एलयू अधिक साइटेशन, आई 10 व एच इंडक्स वाले शिक्षकों को सम्मानित करने की योजना बना रहा है. अधिष्ठाता अकादमिक प्रो पूनम टंडन ने बताया कि विवि इस प्रकार के सम्मान समारोह को लेकर गाइडलाइन्स बनाई जा रही है. इससे न केवल योग्य शिक्षकों का सम्मान व पहचान होगी बल्कि यह अन्य शिक्षकों और छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत का कार्य भी करेगा. उन्होंने बताया कि आई 10 इंडेक्स गूगल स्कॉलर की ओर से विकसित किसी शोधार्थी के प्रकाशित लेखों की संख्या बताती है जिन्हें कम से कम 10 उद्धरण प्राप्त हुए हों. वहीं एच इंडेक्स उन प्रकाशित प्रकाशनों की संख्या बताती है जिन्हें कम से कम उतनी बार उद्धृत किया गया हो. दरअसल हाल ही में देश और विदेश से लगभग 81 विद्वानों ने एलयू को ज्वाइन किया है. इससे विवि में 20 करोड़ रुपये से अधिक के रिसर्च प्रोजेक्ट आए हैं.

एग्जाम में पर्ची संग पकड़ा गया

लखनऊ यूनिवर्सिटी में एलएलबी और एलएलएम के एग्जाम शुरू

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (20 Feb): लखनऊ विश्वविद्यालय में सोमवार से एलएलबी और एलएलएम की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं की शुरुआत हो गई। पहले दिन विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में शाम की पाली में एलएलबी का एक छात्र प्रिंटेड पर्ची के साथ पकड़ा गया. उसके खिलाफ नकल के आरोप में कार्रवाई की गई.

एलयू ने परीक्षा के लिए 16 केंद्र बनाए हैं. सोमवार को एलएलबी ईंटीग्रेटेड पांचवें सेमेस्टर –न्यू व ओल्ड कोर्स, एलएलबी ईंटीग्रेटेड नवें सेमेस्टर ओल्ड कोर्स, एलएलबी तीन वर्षीय पांचवें सेमेस्टर और एलएलएम की सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू हुईं. दोपहर की पाली में द्वितीय परिसर के कमरा नंबर दो में प्राक्टोरियल बोर्ड ने एक छात्र को पर्ची के साथ पकड़ा.

अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव का समापन

लखनऊ यूनिवर्सिटी में चल रहे अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव का सोमवार को समापन हो गया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी मौजूद रही. वहीं कुलपति प्रो आलोक कुमार राय भी मौजूद रहे. कार्यक्रम में लखनऊ, लखीमपुर, हरदोई, रायबरेली और सीतापुर जिले के 82 स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया. 15 से 20 फरवरी तक चले महोत्सव में कुल 14237 प्रतिभागियों ने कुल 21 प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया. उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि हार जीत महत्वपूर्ण नही है बल्कि इन प्रतियोगिताओं में भाग लेना महत्वपूर्ण है.

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

प्रतिभाओं को सम्मानित कर विदा हुआ स्वर्णिम अभ्युत्थानम

स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में सोमवार को पांच जनपदों के अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव का समापन समारोह मनाया गया। इस समारोह में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी, लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय द्वारा लखनऊ, लखीमपुर, हरदोई, रायबरेली और सीतापुर जनपद के 82 विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।15 फरवरी से 20 फरवरी तक चले छह दिवसीय युवा महोत्सव में कुल 14237 प्रतिभागियों ने कुल 21 प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। आज साहित्यिकी के विद्यार्थियों के साथ महाविद्यालयों के विजेता प्रतिभागियों द्वारा गुरु वंदना, सूफी नृत्य , मोनो एक्टिंग, स्टैंड अप कॉमेडी की बानगी भी प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि हार जीत महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि इन प्रतियोगिताओं में भाग लेना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कुलपति प्रो आलोक कुमार राय और सांस्कृतिकी निर्देशिका प्रो मधुरिमा लाल को बधाई देते हुए कहा कि आपकी प्रेरणा और प्रयास से यह आयोजन सफल हो सका है। कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि अगले आयोजन इससे भी भव्य होंगे। इस कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागियों के साथ सभी नोडल ऑफिसर और निर्णायक मंडल को भी सम्मानित किया गया।

इन्हें मिला पुरस्कार

स्टैंड अप कॉमेडी में केकेसी के आदित्य तिवारी को,मोनो एक्ट में आशा स्मृति महाविद्यालय के विशाल राज मिश्रा को,क्विज में प्रथम पुरस्कार केकेसी के अविनाश कुमार और विशाल दीक्षित को, क्रिएटिव राइटिंग में संयुक्त रूप से फखरुद्दीन अली अहमद पीजी कॉलेज सीतापुर की अंजलि श्रीवास्तव और डीएवी के अध्यम रावल को, मेहँदी में डीपी वर्मा मेमोरियल डिग्री कॉलेज के राम को,रंगोली में शिया पीजी के चार विद्यार्थियों को, सोह्लगे मेकिंग में हिन्दू कन्या महाविद्यालय सीतापुर की गरिमा विश्वकर्मा को , पोस्टर मेकिंग में शिया पीजी के अभिषेक शर्मा को, स्केच मेकिंग में शिया पीजी के आदित्य भारती को ,फेस मेकिंग में शिया पीजी की अबीहा को, पटरी में एसएनपीजी हरदोई के अर्पित दीक्षित को ,बेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट में शिया पीजी की नशरा और बुशरा को,वाद-विवाद में एलयू के प्रतिभागियों को ,एकल गायन फोक में हिन्दू कन्या महाविद्यालय सीतापुर की श्वेता सिंह को, एकल गायन शास्त्रीय में केकेसी के शुभम कुमार को ,समूह गायन फोक में गुरुनानक गर्ल्स की अंजिता एन्ड ग्रुप को इंस्ट्रूमेंट में आईटी की स्वर्णिम सिंह को, एकल नृत्य फोक में गुरु नानक की स्वाति मिश्रा को, नृत्य शास्त्रीय में महिला डिग्री कॉलेज की अनुश्री राय को पुरस्कार मिला।

50 वर्ष पुराने छात्रों ने साझा किये अनुभव

स्वतंत्र भारत संवाददाता ,लखनऊ। एमएससी रसायन विज्ञान बैच 1973 की गोल्डन जुबली एलुमनी मीट लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग में सोमवार को आयोजित हुई। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलगीत से हुई,जिसे विभाग के संकाय सदस्यों और छात्रों द्वारा गाया गया। इस अवसर पर बोलते हुए रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल मिश्रा ने कहा कि जल्द ही विभाग के पूर्व छात्र संघ का पंजीकरण सोसायटी में किया जाएगा। उन्होंने पिछले हाल के वर्षों में विभाग की उपलब्धियों को भी प्रदर्शित किया और उल्लेख किया कि सितंबर 2021 से विभाग नियमित रूप से पूर्व छात्र व्याख्यान श्रृंखला आयोजित करता चला आ रहा है। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो. आलोक कुमार राय ने अपने उद्घाटन भाषण में प्रो. ए.के.एस. चौहान और डॉ. अरुण कुमार वर्मा को इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए धन्यवाद दिया और उल्लेख किया कि इस तरह के कार्यक्रम पूर्व छात्रों-शिक्षाविदों के बीच जुड़ाव को बढ़ाते हैं जो विश्वविद्यालय में शिक्षा और पाठ्यक्रम की गुणवत्ता के उत्थान में सहायक होंगे। उन्होंने पूर्व छात्रों से छात्रों और युवा संकाय सदस्यों के समग्र विकास के लिए विभाग में कुछ विशेष व्याख्यान देने का आग्रह किया। उद्घाटन सत्र के बाद, पूर्व छात्र व्याख्यान श्रृंखला में सातवें व्याख्यान प्रोफेसर देवेंद्र कुमार अग्रवाल ने एक शानदार पूर्व छात्र एम.एससी 1973 का रसायन विज्ञान बैच ने ट्रांसलेशनल रिसर्च - अवसर और चुनौतियां विषय पर व्याख्यान दिया। अपने व्याख्यान में प्रो. अग्रवाल ने ट्रांसलेशन संबंधी निष्कर्षों को सार्वजनिक स्वास्थ्य से जोड़ने के मॉडल के साथ ट्रांसलेशनल रिसर्च के मूलभूत सिद्धांतों पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम के बाद विभाग के पूर्व छात्रों और संकाय सदस्यों के बीच संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रो. आर.सी. श्रीवास्तव, प्रो. एस.एन. शुक्ल एवं प्रो. एस. के मिश्रा जो 1973 के रसायन विज्ञान बैच के शिक्षकों ने अपने विचार व्यक्त किये ।पूर्व छात्रों ने विभाग के पुस्तकालय और क्लास रूम का दौरा किया। उन्होंने उन प्रयोगशालाओं का भी दौरा किया जहां उन्होंने अपनी प्रायोगिक कक्षाएं कीं।अंत में डॉ. अरुण कुमार वर्मा ने एम.एससी. 1973 का रसायन विज्ञान बैच के विद्यार्थियों कार्यक्रम में भाग लेने के लिए समय निकालने के लिए का आभार व्यक्त किया।

अकादमिक उत्कृष्टता बढ़ाने में जुटा एलयू

स्वतंत्र भारत संवाददाता ,लखनऊ। नैक में ए प्लस प्लस ग्रेड विश्वस्तरीय रैंकिंग्स में स्थान बनाने के साथ ही लखनऊ विश्वविद्यालय अकादमिक उत्कृष्टता के स्तर को आगे ले जाने के लिए लगातार प्रयासरत है। कुलपति प्रो आलोक कुमार राय के विशेष प्रयासों हाल ही में देश और विदेश से योग्यता और उपलब्धि अर्जित करने वाले लगभग 81 विद्वानों ने हाल ही में लखनऊ विश्वविद्यालय में ज्वाइन किया है । इससे विश्वविद्यालय में 20 करोड़ रुपए से अधिक के रिसर्च प्रोजेक्ट आये हैं ।अधिष्ठाता अकादमिक प्रो पूनम टंडन ने बताया कि विश्वविद्यालय की ओर से जल्द ही अधिक साइटेशन,आई -10 इंडेक्स, एच -इंडेक्स वाले शिक्षकों को सम्मानित किये जाने की योजना का प्रस्ताव रखा जायेगा । उन्होंने बताया कि इस प्रकार के सम्मान समारोह आयोजित करने के लिए गाइडलाइन्स बनाई जा रही हैं ।इससे न केवल योग्य शिक्षकों का सम्मान व पहचान होगी बल्कि यह अन्य शिक्षकों और छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत का कार्य भी करेगा ।बता दें कि आई 10-इंडेक्स गूगल स्कॉलर द्वारा विकसित, किसी शोधार्थी द्वारा प्रकाशित उन लेखों की संख्या बताती है जिन्हें कम से कम 10 उद्धरण प्राप्त हुए हों । इसी प्रकार एच-इंडेक्स उन प्रकाशित प्रकाशनों की संख्या (उत्पादकता)बताती है जिन्हे कम से कम उतनी बार उद्धृत किया गया हो ।उन्होंने बताया कि माननीय कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने पिछले तीन वर्षों में शैक्षणिक गुणवत्ता एवं शोध को बढ़ावा देने के लिए अनेक नयी योजनाए जैसे शोध मेधा, उद्दीपन, प्रोत्साहन इत्यादि शुरू करी हैं जिसका परिसर में काफी सकारात्मक प्रभाव देखने में आया है । इसी दिशा में साइटेशन को केंद्र बिंदु मानकर सभी संकाय से चुनिंदा शिक्षकों को जल्द ही सम्मानित किये जाने जाने योजना पर कार्य चल रहा है।

JAGRAN CITY PAGE I, III

सबसे बड़ी थर्माकोल विंटेज कार का रिकार्ड शिवम को

अखिल सक्सेना • लखनऊ

शिवम के थर्माकोल माडल की विंटेज कार का इंडिया बुक रिकार्ड में हुआ चयन। शिवम को मिला प्रमाणपत्र व मेडल • स्वयं

कला एवं शिल्प महाविद्यालय में (एमवीए) प्रथम सेमेस्टर मूर्तिकला के छात्र शिवम सिंह के थर्माकोल माडल की विंटेज कार का माडल • सौजन्य स्वयं

लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) के कला एवं शिल्प महाविद्यालय में मास्टर आफ विजुअल आर्ट (एमवीए) प्रथम सेमेस्टर मूर्तिकला के छात्र शिवम सिंह ने इंडिया बुक आफ रिकार्ड बनाया है। शिवम ने 200 किलो थर्माकोल से सबसे बड़ी (20 फीट लंबी, सात फीट चौड़ी और छह फीट ऊंची विंटेज) कार बुगाटी टाइप 41 का माडल तैयार कर यह रिकार्ड अपने नाम किया। सोमवार को शिवम को इसका प्रमाणपत्र और मेडल मिला।

शिवम बुलंदशहर के एसडीएम कालोनी बसंत विहार सिकंदराबाद के रहने वाले हैं। कला एवं शिल्प महाविद्यालय से बैचलर आफ विजिअल आर्ट (बीवीए) करने के बाद अब एमवीए प्रथम सेमेस्टर मूर्तिकला की पढ़ाई कर रहे हैं। शिवम ने बताया कि वेंटेज कार का माडल अब तक भारत में नहीं बना है। मैंने लवि को अपनी कला के माध्यम से विश्वपटल पर प्रस्तुत करने के लिए यह कार्य किया।

45 हजार रुपये खर्च: शिवम ने हास्टल के कमरे में ही गत 25 नवंबर को थर्माकोल से विंटेज कार का माडल बनाना शुरू किया। इसे बनाने में 28 दिन लगे। 200 किलो थर्माकोल से बनी इस कार के माडल को बनाने में 45 हजार रुपये खर्च हुए। इसमें लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व शिक्षकों का भी मार्गदर्शन मिला। सात जनवरी को इंडिया बुक आफ रिकार्ड में सबसे बड़ी थर्माकोल माडल की विंटेज कार को शामिल करने के लिए आवेदन किया। 25 जनवरी को रिकार्ड कंफर्म हो गया। इंटरनेशनल बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में भी यह माडल कंफर्म हो गया है। जल्द ही वहां से चयन का प्रमाणपत्र आएगा।

मिलेगी डाक्टरेट डिग्री

शिवम के रिकार्ड बनाने के बाद वर्ल्ड रिकार्ड यूनिवर्सिटी, अमेरिका से डाक्टरेट डिग्री के लिए ई-मेल आया है। उन्होंने बताया कि जो काम किया है, उस पर थीसिस लिखकर देना होगा। सितंबर में वहां होने वाले दीक्षा समारोह में यह डिग्री दी जाएगी।

खराब जीवन शैली से भारतीयों में ब्लड प्रेशर, डायबिटीज का खतरा

लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के सभागार में एमएससी 1974 बैच के विद्यार्थियों के एल्युमिनाई मीट कार्यक्रम को संबोधित करते डा. देवेंद्र कुमार • जागरण

जासं, लखनऊ : दुनिया को योग, अध्यात्म, ध्यान का संदेश देने वाला भारत है, लेकिन यहीं अधिकांश लोग इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा नहीं बना पा रहे हैं। खराब जीवन शैली से साइको सोशल स्ट्रेस (मनोसामाजिक तनाव) बढ़ रहा है। अमेरिका के मुकाबले में भारत में तनाव अधिक है। इसकी वजह से यहां ब्लडप्रेशर और डायबिटीज जैसी बीमारियां अधिक तेजी से फैल रही हैं। ये बातें लखनऊ विश्वविद्यालय के पुरातन छात्र और वेस्टर्न यूनिवर्सिटी आफ हेल्थ साइंसेज के प्रोफेसर देवेंद्र कुमार अग्रवाल ने कहीं। वह सोमवार को विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग में 1973 बैच की गोल्डन जुबली एलुमिनाई मीट में शिरकत करने आए थे।

लखनऊ विश्वविद्यालय से 1973 में एमएससी, 1978 में डेंगू वायरस पर पीएचडी करने के बाद उन्होंने कनाडा से हाइपरटेंशन पर भी शोध कार्य किया है। वर्तमान में वह वेस्टर्न यूनिवर्सिटी आफ हेल्थ साइंसेज कैलिफोर्निया में सीनियर वाइस प्रेसीडेंट फार रिसर्च में प्रोफेसर हैं। ब्लडप्रेशर और डायबिटीज पर उनके कई शोधपत्र प्रकाशित हो चुके हैं। अपने शोध और अध्ययन के आधार पर उन्होंने दैनिक जागरण को बताया कि केवल मीठा खाने या परहेज करने से डायबिटीज को रोका नहीं जा सकता है। अगर परिवार में किसी को डायबिटीज है तो वंशानुगत इसके होने की आशंका अधिक रहती है। खराब लाइफ स्टाइल, तनाव लेने, ज्यादा मसाले और नमक का इस्तेमाल, अधिक वजन भी कुछ ऐसे कारण हैं, जिसकी वजह से ब्लड प्रेशर और डायबिटीज अधिक हो रहा है। अमेरिकन स्वास्थ्य को लेकर जागरूक हैं। इससे ब्लडप्रेशर और डायबिटीज की शिकायत अमेरिका में कम है। उन्होंने ट्रांसलेशनल रिसर्च- अवसर और चुनौतियों विषय पर गेस्ट लेक्चर भी दिया। इसमें ट्रांसलेशन संबंधी निष्कर्षों को सार्वजनिक स्वास्थ्य से जोड़ने के माडल के साथ ट्रांसलेशनल रिसर्च के सिद्धांतों को बताया।

जहां पढ़े, वहीं बने प्रोफेसर

- 1959 बैच के एमएससी डा. एसके मिश्र ने बताया कि लवि से उन्होंने पूरी पढ़ाई की, यहीं प्रोफेसर बने। वर्ष 2000 में सेवानिवृत्त होने के साथ बहुत सी यादें जुड़ी हैं।
- 1964 में एमएससी करने वाले प्रो. एसएन शुक्ल ने बताया कि उनके पास छात्र और शिक्षक जीवन का अनुभव है। विभाग में पढ़ाई की फिर प्रोफेसर बने। इतने सालों में विश्वविद्यालय के साथ बहुत से बदलाव भी देखे।

पुरानी यादों को साझा किया

कुलपति प्रो. आलोक राय ने पूर्व छात्रों से छात्रों और युवा संकाय सदस्यों के समग्र विकास के लिए विभाग में कुछ विशेष व्याख्यान देने का आग्रह किया। रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल मिश्र ने पूर्व छात्र संघ का पंजीकरण करने की बात की। प्रो. आरसी श्रीवास्तव, पूर्व छात्र बीडी यादव, रत्न पांडेय, बीआर पांडेय सेवानिवृत्त संकाय सदस्य डा. आरके. तिवारी, डा. पदम कांत, डा. आरएम नाइक, डा. देश दीपक ने यादों को साझा किया। प्रो. एकेएस चौहान और डा. अरुण ने धन्यवाद दिया। प्रो. आभा ने उन्हें स्मृति चिन्ह दिया।

लवि में एमएससी प्रथम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 27 से

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से एमएससी प्रथम सेमेस्टर मालिकुलर एंड ह्यूमन जेनेटिक्स की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 27 फरवरी से चार मार्च तक होंगी। उन्नत आणविक आनुवंशिकी और संक्रामक रोगों के संस्थान (आइएएमजीआइडी) की निदेशक प्रो. मोनिषा बनर्जी ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। 27 फरवरी को बायोकेमिकल एंड एनालिटिकल टेक्निक्स, एक मार्च को मालिकुलर बायोलाजी एंड सायटोजेनेटिक्स टेक्निक्स और चार मार्च को जर्नल क्लब, प्रोजेक्ट प्रपोजल सेमिनार की प्रयोगात्मक परीक्षा होगी।

'ग्रीन बजट का तात्पर्य प्रकृति एवं अर्थव्यवस्था में संतुलन बनाना है' : डीएवी डिग्री कालेज में सोमवार को बजट 2023-इंडियाज ग्रीन ग्रोथ पाथवे पर एक वेबिनार किया गया। मुख्य वक्ता बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के पर्यावरण अर्थशास्त्री प्रो. मृत्युंजय मिश्र ने सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभ गिनाते हुए कहा कि ग्रीन बजट का तात्पर्य प्रकृति एवं अर्थव्यवस्था में संतुलन बनाना है। सप्तर्षि, पंचमित्र, गोबर धन जैसी योजनाओं से भविष्य में 'क्लीन एनर्जी - ग्रीन एनर्जी' प्राप्त होगी, जिससे न केवल आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण मिलेगा वरन देश का सतत विकास भी होगा। इस अवसर पर प्रोफेसर पीआर शुक्ल ने पर्यावरण की महत्ता बताई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुधांशु सिन्हा ने की।

एलएलबी परीक्षा में पर्ची के साथ पकड़ा गया छात्र

लखनऊ विश्वविद्यालय में सोमवार से एलएलबी और एलएलएम की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं की शुरुआत हो गई। पहले दिन विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में शाम की पाली में एलएलबी का एक छात्र प्रिंटेड पर्ची के साथ पकड़ा गया। उसके खिलाफ नकल के आरोप में कार्रवाई की गई। लवि ने परीक्षा के लिए 16 केंद्र बनाए हैं। सोमवार को एलएलबी इंटीग्रेटेड पांचवें सेमेस्टर -न्यू व ओल्ड कोर्स, एलएलबी इंटीग्रेटेड नवें सेमेस्टर ओल्ड कोर्स, एलएलबी तीन वर्षीय पांचवें सेमेस्टर और एलएलएम की सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू हुईं। दोपहर की पाली में द्वितीय परिसर के कमरा नंबर दो में प्राक्टोरियल बोर्ड ने एक छात्र को पर्ची के साथ पकड़ा। केकेसी में सुबह तीन कमरों और दोपहर में 15 कमरों में परीक्षा हुई। इस दौरान प्राचार्य प्रो. मीता साह ने परीक्षा कमरों का निरीक्षण कर व्यवस्था देखी। लवि के परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि दोनों पालियों में 9381 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं, 95 ने परीक्षा छोड़ दी।

अधिक इंडेक्स वालों को सम्मानित करेगा लखनऊ विश्वविद्यालय

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय अपने जल्द ही अधिक उद्धरण (साइटेशन) वाले अपने शिक्षकों को सम्मानित करेगा। इसमें आई-10 इंडेक्स, एच-इंडेक्श वाले शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए प्रस्ताव बनाया जाएगा, जिसे कुलपति की मंजूरी लेकर आगे की प्रक्रिया होगी।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि सम्मान समारोह के लिए गाइडलाइन बनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि आई-10 इंडेक्स गूगल स्कालर द्वारा विकसित किसी शोधार्थी की ओर से प्रकाशित उन लेखों की संख्या बताती है, जिन्हें कम से कम 10 साइटेशन प्राप्त हुए हों। इसी प्रकार एच-इंडेक्स उन प्रकाशित प्रकाशनों की संख्या (उत्पादकता) बताती है, जिन्हें कम से कम उतनी बार साइटेशन किया गया हो। सामान्यतः किसी शोधार्थी द्वारा किए गए शोध कार्य के अन्य शोधार्थियों द्वारा साइट किये जाने से उस शोध कार्य के महत्व का आकलन किया जाता है। इसी दिशा में साइटेशन को केंद्र बिंदु मानकर सभी संकाय से चुनिंदा शिक्षकों को जल्द ही सम्मानित किए जाने की योजना पर कार्य चल रहा है।

एकेटीयू के विद्यार्थियों की पहली पसंद कनाडा

डा. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय और उससे जुड़े कालेजों से पढ़ाई के बाद बहुत से विद्यार्थी विदेश में नौकरी और पढ़ाई करने जाते हैं। विदेश जाने वाले इन विद्यार्थियों की पहली पसंद कनाडा है। जहा वह उच्च शिक्षा के साथ नौकरी करने के लिए जाना चाहते हैं। इसे विश्वविद्यालय में बनने वाले ट्रांसक्रिप्ट से देखा जा सकता है। केवल जनवरी और फरवरी में ही कनाडा के लिए 255 छात्रों को ट्रांसक्रिप्ट जारी की गई है। जबकि भारत के लिए 507 को भेजे गए हैं। विदेश में नौकरी से लेकर वीजा, किसी कोर्स में प्रवेश और निवास के लिए ट्रांसक्रिप्ट की जरूरत होती है। टांसक्रिप्ट के लिए विद्यार्थी आनलाइन और आफलाइन दोनों तरीके से आवेदन कर सकते हैं।

20 करोड़ के रिसर्च प्रोजेक्ट मिले: उन्होंने बताया कि 81 विद्वानों ने हाल ही में लवि में ज्वाइन किया है। इससे विश्वविद्यालय में 20 करोड़ रुपये से अधिक के रिसर्च प्रोजेक्ट आए हैं।

'हार–जीत से अधिक प्रतिभाग करना महत्वपूर्ण'

यूथ फेस्टिवल अभ्युत्थानम् के समापन समारोह का शुभारंभ करती उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी, साथ में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व नृत्य प्रस्तुत करती छात्राएं • जागरण

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव के विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि हार-जीत नहीं, इन प्रतियोगिताओं में भाग लेना महत्वपूर्ण होता है। कार्यक्रम में लखनऊ, लखीमपुर, हरदोई, रायबरेली और सीतापुर के 82 विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। 15 फरवरी से 20 फरवरी के बीच में 14237 प्रतिभागियों ने कुल 21 प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने गुरु वंदना, सूफी नृत्य, मोनो एक्टिंग प्रस्तुत की। कुलपति प्रो. आलोक राय और सांस्कृतिकी निर्देशक प्रो. मधुरिमा लाल ने सभी को जीत की बधाई दी।

आपातकालीन स्थिति से बचाव के बताए तरीके

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के गणित एवं समाज शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में आपदा प्रबंधन एवं आपातकालीन चिकित्सा पर कार्यशाला आयोजित की गई।नागरिक सुरक्षा विभाग के सुमित मौर्य ने आपातकालीन स्थिति में आपदा प्रबंधन तथा हृदयाघात होने पर कार्डियो पल्मोनरी रससिटेशन (सीपीआर) देने के लिए को प्रशिक्षित किया। सहायक उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा मनोज वर्मा ने आपातकालीन स्थिति में स्ट्रेचर बनाने की विभिन्न विधियां सिखाईं। प्रो विवेक सहाय, कार्यक्रम अधिकारी डा. श्याम किशोर एवं डा. पीके गुप्ता भी उपस्थित रहे। (जासं)

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव पुरस्कार वितरण के साथ सम्पन्न

लखनऊ। लखनऊ विवि के मालवीय सभागार में पांच जनपदों के अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव का समापन समारोह मनाया गया। समारोह में उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी, लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय द्वारा लखनऊ, लखीमपुर, हरदोई, रायबरेली और सीतापुर जनपद के 82 विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। 15 फरवरी से 20 फरवरी 20230 तक चले छह दिवसीय युवा महोत्सव में कुल 14,237 प्रतिभागियों ने कुल 21 प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। राज्यमंत्री ने कहा कि हार जीत महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि प्रतियोगिताओं में भाग लेना महत्वपूर्ण है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि अगले आयोजन इससे भी भव्य होंगे।

TOI PAGE 3

Thermocol car drives into record book

Times News Network

Shivam with his masterpiece

Lucknow: A room-sized vintage car model made up of thermocol has helped Shivam, who is pursuing Master of Visual Arts in sculpture from Arts College, bag an entry into India Book of Records on Monday.

Shivam made the car in January this year with the dream to register it as the biggest thermocol vintage car model ever made. Shivam did a part-time job of decoration in a city mall to pool money for his dream project of making a realistic thermocol model of a room-size Bugatti car in his room at Prof Ranveer Singh Bisht boys hostel on the Arts College campus.

The car has won the award for the 'largest thermocol model of vintage car' made by an individual category.

VoL PAGE 6

रा.विभाग में बनेगी पूर्व छात्र संघ की सोसायटी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

● लविवि के रसायन विभाग के अध्यक्ष ने की घोषणा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग में एमएससी रसायन विज्ञान बैच 1973 बैच की गोल्डन जुबली एलुमनी मीट का आयोजन सोमवार को हुआ। विभाग के अध्यक्ष प्रो. अनिल मिश्रा ने कहा कि जल्द ही विभाग के पूर्व छात्र संघ का पंजीकरण सोसायटी में किया जायेगा।

उन्होंने पिछले हाल के वर्षों में विभाग की उपलब्धियों को भी प्रदर्शित किया और उल्लेख किया कि सितंबर 2021 से विभाग नियमित रूप से पूर्व छात्र व्याख्यान श्रृंखला आयोजित कर रहा है। प्रो. मिश्र के संबोधन के बाद अपने संबोधन में प्रो. एकेएस चौहान ने रसायन विज्ञान विभाग को एमएससी 1973 के रसायन विज्ञान बैच की स्वर्ण जयंती एलुमनी मीट के आयोजन में सहायता के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में आने के लिए कुलपति को धन्यवाद भी दिया। लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने अपने उद्घाटन भाषण में प्रो. एकेएस चौहान और डॉ. अरुण कुमार वर्मा को इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए धन्यवाद दिया और उल्लेख किया कि इस तरह के कार्यक्रम पूर्व छात्रों-शिक्षाविदों के बीच जुड़ाव को बढ़ाते हैं, जो विश्वविद्यालय में शिक्षा और पाठ्यक्रम की गुणवत्ता के उत्थान में सहायक होंगे। उन्होंने पूर्व छात्रों से छात्रों और युवा संकाय सदस्यों के समग्र विकास के लिए विभाग में कुछ विशेष व्याख्यान देने का आग्रह किया। उदघाटन सत्र के अंत में डॉ. अरुण कुमार वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया जिसमें उन्होंने इस कार्यक्रम के आयोजन में सहायता के लिए विभाग के प्रयासों की सराहना की और उम्मीद की कि इस तरह के कार्यक्रम विभाग में नियमित आधार पर आयोजित किये जायेंगे।

VoL PAGE 6

पुरस्कार पाकर खिले प्रतिभागियों के चेहरे

लविवि में अंतर महाविद्यालय खेल प्रतियोगिता का समापन समारोह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ ।लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में पांच जिलों के अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव का समापन समारोह सोमवार को मनाया गया ।इस समारोह में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी और लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने लखनऊ, लखीमपुर, हरदोई, रायबरेली और सीतापुर जिलों के 82 विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

15 फरवरी से 20 फरवरी 20230 तक चले छह दिवसीय युवा महोत्सव में कुल 14237 प्रतिभागियों ने कुल 21 प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। आज साहित्यिकी के विद्यार्थियों के साथ महाविद्यालयों के विजेता प्रतिभागियों द्वारा गुरु वंदना, सूफी नृत्य, मोनो एक्टिंग, स्टैंड अप कॉमेडी की बानगी भी प्रस्तुत की गयी। उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि हार जीत महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि इन प्रतियोगिताओं में भाग लेना महत्वपूर्ण है ।उन्होंने कुलपति प्रो. राय और सांस्कृतिकी निर्देशिका प्रो मधुरिमा लाल को बधाई देते हुए कहा कि आपकी प्रेरणा और प्रयास से यह आयोजन सफल हो सका है । कुलपति प्रो. राय ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि अगले आयोजन इससे भी भव्य होंगे। इस कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागियों के साथ सभी नोडल ऑफिसर और निर्णायक मंडल को भी सम्मानित किया गया ।

लविवि गढ़ रहा नित नये कीर्तिमान

81 विद्वान लविवि से जुड़े, 20 करोड़ से अधिक के आये रिसर्च प्रोजेक्ट

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। नैक में ए ++ ग्रेड विश्वस्तरीय रैंकिंग में स्थान बनाने के साथ ही लखनऊ विश्वविद्यालय अकादमिक उत्कृष्टता के स्तर को आगे ले जाने के लिए लगातार प्रयासरत है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के विशेष प्रयासों हाल ही में देश और विदेश से योग्यता और उपलब्धि अर्जित करने वाले लगभग 81 विद्वानों ने हाल ही में लखनऊ विश्वविद्यालय में ज्वाइन किया है। इससे विश्वविद्यालय में 20 करोड़ रुपये से अधिक के रिसर्च प्रोजेक्ट आये हैं। अधिष्ठाता अकादमिक प्रो पूनम टंडन ने बताया कि विश्वविद्यालय की ओर से जल्द ही अधिक साइटेशन आई-10 इंडेक्स, एच-इंडेक्स वाले शिक्षकों को सम्मानित किये जाने की योजना का प्रस्ताव रखा जायेगा।

उन्होंने बताया कि इस प्रकार के सम्मान समारोह आयोजित करने के लिए गाइडलाइंस बनायी जा रही हैं। इससे न केवल योग्य शिक्षकों का सम्मान व पहचान होगी बल्कि यह अन्य शिक्षकों और छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत का कार्य भी करेगा। ध्यान रहे कि आई 10-इंडेक्स गूगल स्कॉलर द्वारा विकसित, किसी शोधार्थी द्वारा प्रकाशित उन लेखों की संख्या बताती है जिन्हें कम से कम 10 उद्धरण प्राप्त हुए हों। इसी प्रकार एच-इंडेक्स उन प्रकाशित प्रकाशनों की संख्या (उत्पादकता) बताती है जिन्हें कम से कम उतनी बार उद्धृत किया गया हो। उन्होंने बताया कि कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने पिछले तीन वर्षों में शैक्षणिक गुणवत्ता एवं शोध को बढ़ावा देने के लिए अनेक नयी योजनायें जैसे शोध मेधा, उद्दीपन, प्रोत्साहन इत्यादि शुरू की हैं जिसका परिसर में काफी सकारात्मक प्रभाव देखने में आया है। इसी दिशा में साइटेशन को केंद्र बिंदु मानकर सभी संकाय से चुनिंदा शिक्षकों को जल्द ही सम्मानित किये जाने जाने योजना पर कार्य चल रहा है।

AMRIT VICHAR PAGE 4

ग्रेडिंग के बाद बढ़े रिसर्च प्रोजेक्ट

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता एवं शोध को बढ़ावा देने के लिए अनेक नयी योजनाएं जैसे शोध मेधा, उद्दीपन, प्रोत्साहन शुरू किया गया है। जिसका परिसर में काफी सकारात्मक प्रभाव देखने में आया है। इसी दिशा में साइटेशन को केंद्र बिंदु मानकर सभी संकाय से चुनिंदा शिक्षकों को जल्द ही सम्मानित किये जाने जाने योजना पर कार्य चल रहा है।

–प्रोफेसर पूनम टंडन, अधिष्ठाता अकादमिक, लखनऊ विश्वविद्यालय

लविवि

- 20 करोड़ के बजट से मिलेगा रिसर्च को बढ़ावा
- विश्वविद्यालय को मिले 81 नए विद्वान, जल्द ही शिक्षकों को मिलेगा सम्मान

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के नैक मूल्यांकन में ए डबल प्लस की ग्रेड मिलने के बाद यहां 81 नये विद्वानों की बढ़त हुई है। विश्वविद्यालय के लिए बड़ी बात ये है कि इस वर्ष 20 करोड़ से अधिक के रिसर्च प्रोजेक्ट भी आये हैं।

वहीं छात्र अधिष्ठाता अकादमिक प्रोफेसर पूनम टंडन ने बताया कि कुलपति प्रोफेसर आलोक राय के दिशा निर्देशन में विश्वविद्यालय की ओर से जल्द ही अधिक साइटेशन आई -10 इंडेक्स, एच-इंडेक्स वाले शिक्षकों को सम्मानित किये जाने की योजना का प्रस्ताव रखा जायेगा। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के सम्मान समारोह आयोजित करने के लिए गाइडलाइंस बनाई जा रही हैं। इससे न केवल योग्य शिक्षकों का सम्मान व पहचान होगी बल्कि यह अन्य शिक्षकों और छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत का कार्य भी करेगा। बता दें कि आई-10 इंडेक्स गूगल स्कॉलर की ओर से विकसित, किसी शोधार्थी की ओर से प्रकाशित उन लेखों की संख्या बताती है जिन्हें कम से कम 10 उदाहरण प्राप्त हुए हों । इसी प्रकार एच-इंडेक्स उन प्रकाशित प्रकाशनों की संख्या (उत्पादकता) बताती है जिन्हे कम से कम उतनी बार उद्धृत किया गया हो।

अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव के समापन समारोह में उपस्थित प्रतिभागी। अमृत विचार

लखनऊ विश्वविद्यालय में युवाओं को मिला सम्मान

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में पांच जनपदों के अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी, लखनऊ विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय द्वारा लखनऊ, लखीमपुर, हरदोई, रायबरेली और सीतापुर जनपद के 82 विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। 15 से 20 फरवरी तक चले छह दिवसीय युवा महोत्सव में कुल 14237 प्रतिभागियों ने कुल 21 प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। सोमवार को उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी युवाओं का हौसला बढ़ाया।

रसायन विज्ञान विभाग के पूर्व छात्रों का संघ होगा पंजीकृत

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के पूर्व छात्रों का अब रजिस्टर्ड संगठन होगा। ये जानकारी रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल मिश्रा ने दी है। प्रो. मिश्रा सोमवार को एमएससी रसायन विज्ञान बैच 1973 बैच की गोल्डन जुबली एलुमनी मीट के आयोजन के दौरान संबोधित कर रहे थे। प्रो. मिश्रा ने कहा कि जल्द ही विभाग के पूर्व छात्र संघ का पंजीकरण सोसायटी में किया जाएगा। उन्होंने पिछले हाल के वर्षों में विभाग की उपलब्धियों को भी प्रदर्शित किया और उल्लेख किया कि सितंबर 2021 से विभाग नियमित रूप से पूर्व छात्र व्याख्यान श्रृंखला आयोजित कर रहा है। वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा इस तरह के कार्यक्रम पूर्व छात्रों-शिक्षाविदों के बीच जुड़ाव को बढ़ाते हैं जो विश्वविद्यालय में शिक्षा और पाठ्यक्रम की गुणवत्ता के उत्थान में सहायक होंगे।